**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री ने सेना की परियोजना की समीक्षा की– सीमावर्ती क्षेत्रों में 20 स्थानों पर विंड टरबाईन परियोजनाएं स्थापित करेगी सेना।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण–4 के तहत हिमाचल को केंद्र से 23 सौ करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत।
- दिल्ली में हुए धमाके के दृष्टिगत हिमाचल में हाई अलर्ट– सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने सतर्कता बढ़ाई।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले का किया शुभारंभ– नशे के खातमे के लिए साझा प्रयासों पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा राहत वितरण में लापरवाही व भेदभाव करने का सरकार पर लगाया आरोप।

**अब समाचार विस्तार से...........**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर हिमाचल प्रदेश में सेना द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सेना की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना 20 स्थानों पर विंड टरबाइन परियोजनाएं स्थापित करने पर विचार कर रही है जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। सुक्खू ने संतोष व्यक्त किया कि राज्य सरकार और भारतीय सेना द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई सीमा पर्यटन पहल उत्साहजनक परिणाम दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में सैलानियों की संख्या लगभग 21 हज़ार थी जो 2025 में साढ़े तीन गुना बढ़कर 70 हज़ार से अधिक हो गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने शिपकी–ला के माध्यम से व्यापार गतिविधियों को फिर शुरू करने के संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और सकारात्मक संकेत मिले हैं। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण, भारत और चीन दोनों लिपुलेख दर्रे, शिपकी–ला दर्रे और नाथू–ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से खोलने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने रंगरिक में प्रस्तावित हवाई अड्डे की प्रगति की समीक्षा भी की।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण–4 के तहत हिमाचल को केंद्र से 23 सौ करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने कहा कि इस धनराशि में से एक सौ 42 करोड़ रूपये बंजार उपमंडल की 20 सड़कों के लिए मंजूर किए गए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बंजार उपमंडल की सड़कों के लिए पी.डी.एन.ए. के तहत 24 करोड़ रूपये की राशि मंज़ूर हुई है, जिससे क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निमाण कार्य करवाए जाएंगे। इसके अलावा सैंज क्षेत्र के तरेहड़ा में पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ रूपये की मंज़ूरी दी गई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आबंटित धनराशि का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इस बीच लोक निर्माण मंत्री ने बंजार उपमंडल के झनियार गांव में भीषण अग्निकांड से हुए नुकसान का आज जायज़ा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र

सिंह सुक्खू ने उन्हें झनियार गांव भेजा है, ताकि प्रभावित परिवारों की स्थिति की जायज़ा लेकर राहत व पुनर्वास कार्यों को गति दी जा सके।

## सतर्कता

दिल्ली में हुए धमाके के दृष्टिगत हिमाचल पुलिस सतर्कता बरत रही है और प्रदेश में हाई अलर्ट कर दिया गया है। हिमाचल पुलिस ने लोगों से सर्तक रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। चंबा ज़िले में जम्मू–कश्मीर व पंजाब के सीमांत क्षेत्रों में सुरक्षा घेरे को मज़बूत कर दिया गया है। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि सुरक्षा बलों को अलर्ट रहने और लंबी व छोटी दूरी की पैट्रोलिंग तेज़ करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अंतर्राजीय बैरियरों सहित ज़िला के पर्यटन स्थलों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र की जैस पंचायत से विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर पंचायत में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष में नए पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 80 करोड़ रूपये मंजूर किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नए पंचायत घरों की ज़रूरत है, वहां प्रति पंचायत एक करोड़ 14 लाख रूपये की एकमुश्त राशि उपलब्ध करवाकर आधुनिक सुविधाओं सहित नया पंचायत घर बनाकर लोगों को सुविधा दी जा रही है।

## लवी मेला

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि उत्सव पारंपरिक कला, संगीत और शिल्प को बढ़ावा देने का एक मंच प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और समुदायों को एक सूत्र में पिरोने वाले रीति–रिवाजों व मूल्यों को जीवित रखा जा सकता है। वे आज शिमला जिले के रामपुर बुशहर में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारम्भ करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल व्यापार का उत्सव है, बल्कि एक समृद्ध परंपरा भी है। राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ही इस मेले को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त हुआ। शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए नशे को जड़ से मिटाने के लिए एकजुट प्रयासों की ज़रूरत पर बल दिया। राज्यपाल ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी शुभारम्भ किया।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को झूठ बोलने वाली सरकार करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हर मंच पर तथ्यों को तोड़–मरोड़ कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। आज मंडी में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आपदा राहत वितरण जैसे संवेदनशील सरकारी कार्यक्रम को भी राजनीतिक अखाड़ा बना दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये कार्यक्रम जनता की भावनाओं को समझने और पीड़ितों को राहत देने का समय था, न कि अपनी भड़ास निकालने का मंच। नेता प्रतिपक्ष ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपदा के दौरान सेना का अपमान करने वाले अब प्रधानमंत्री पर उंगली उठा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने राहत वितरण में भारी लापरवाही व भेदभाव करने के सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 5 महीने बीत जाने के बाद सुक्खू सरकार को अब मंडी की याद आई है, जबकि हज़ारों लोग अब भी बिना घर के जीवन जीने को मज़बूर हैं।

**विधानसभा अध्यक्ष**

महान स्वतंत्रता सेनानी वजीर रामसिंह पठानिया की 176वीं पुण्य तिथि के अवसर पर आज उनकी जन्म स्थली कांगड़ा ज़िला के बासा वजीरा में वीर दिवस का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने वजीर रामसिंह पठानिया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे संपूर्ण राष्ट्र की अमर धरोहर हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वजीर रामसिंह पठानिया ने 1848 में सबसे पहले अंग्रेजी शासन के विरूद्ध संघर्ष का शंखनाद किया था। कुलदीप पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार उन्हें प्रथम स्वतंत्रता सेनानी घोषित करवाने के लिए ठोस प्रयास करेगी।

**बिरसा मुंडा जयंती**

भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को लेकर भारतीय जनता पार्टी जनजाति मोर्चा प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस को रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि प्रदेश के सभी ज़िलों में 15 नवम्बर को भव्य सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**जागरूकता शिविर**

पैंशन व पैंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पैंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के पैंशन भोगियों के लिए ऊना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में पैंशनरों को जागरूक किया गया। इसके अलावा नजदीकी बैंक शाखाओं में भी सुबह 10 बजे से ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने और अपलोड करने संबंधी जानकारियों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान केन्द्रीय पैंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव सुभाष चंद्र ने कहा कि एक से 30 नवंबर, तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान आयोजित किया जा रहा है।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- मुख्यमंत्री ने सेना की परियोजना की समीक्षा की– सीमावर्ती क्षेत्रों में 20 स्थानों पर विंड टरबाईन परियोजनाएं स्थापित करेगी सेना।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण–4 के तहत हिमाचल को केंद्र से 23 सौ करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत।
- दिल्ली में हुए धमाके के दृष्टिगत हिमाचल में हाई अलर्ट– सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने सतर्कता बढ़ाई।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले का किया शुभारंभ– नशे के खातमे के लिए साझा प्रयासों पर दिया बल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा राहत वितरण में लापरवाही व भेदभाव करने का सरकार पर लगाया आरोप।

---